नामांक Roll No.

Question Booklet No.

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 14 + Map

**P-08-Social Science**

# प्रवेशिका पूरक परीक्षा, 2026

# PRAVESHIKA SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

## सामाजिक विज्ञान

## SOCIAL SCIENCE

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों के आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) प्रश्न संख्या **20** मानचित्र कार्य से संबंधित है और **4** अंक का है । मानचित्र को प्रश्न पत्र से फाडकर उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।

Question No. **20** is related to map-work carrying **4** marks. Tear the map from the question paper and attach it to the answer book.

8) प्रश्न संख्या **14** से **20** तक में आन्तरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Question Nos. **14** to **20**.

## खण्ड – अ
## SECTION – A

बहुविकल्पात्मक प्रश्न :

Multiple Choice Questions :

**1.** निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

Choose the correct answer of the following questions and write in the answer book.

i) 'यंग यूरोप' नामक भूमिगत संगठन की स्थापना किसने की थी ? **[1]**

अ) इमेनुएल द्वितीय ब) कावूर

स) ज्यूसेपे मेत्सिनी द) गैरीबॉल्डी

Who founded the underground organization called 'Young Europe' ?

A) Emmanuel II B) Cavour

C) Giuseppe Mazzini D) Garibaldi

ii) आर्थिक महामंदी कब शुरू हुई ? **[1]**

अ) 1905 ब) 1909 स) 1911 द) 1929

When did the Great Depression begin ?

A) 1905 B) 1909 C) 1911 D) 1929

iii) मैनचेस्तर निम्न में से किसके लिए प्रसिद्ध था ? **[1]**

अ) जहाज निर्माण ब) कोयला खनन

स) चीनी उत्पादन द) कपड़ा उत्पादन

Manchester was famous for which of the following ?

A) Ship building B) Coal Mining

C) Sugar production D) Textile production

iv) 'केसरी' समाचारपत्र किसने प्रारम्भ किया था ? [1]

अ) बालगंगाधर तिलक ब) गोपालकृष्ण गोखले

स) महात्मा गांधी द) ज्योतिबा फुले

Who started the 'Kesari' newspaper ?

A) Balgangadhar Tilak B) Gopal Krishna Gokhale

C) Mahatma Gandhi D) Jyotiba Phule

v) निम्न में से किस देश के धर्म प्रचारक छपाई की तकनीक जापान लाए ? [1]

अ) पुर्तगाल ब) चीन स) भारत द) इंग्लैण्ड

Missionaries from which of the following countries brought printing technology to Japan ?

A) Portugal B) China C) India D) England

vi) मरुस्थली मृदा के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है ? [1]

अ) रंग गहरा काला होता है ।

ब) आमतौर पर रेतीली व लवणीय होती है ।

स) नमी की मात्रा अधिक होती है ।

द) ह्यूमस की मात्रा अधिक होती है ।

Which statement is true regarding arid soil ?

A) Dark black in colour

B) Generally sandy and saline

C) Rich in moisture

D) Rich in humus

vii) ''आधुनिक भारत के मंदिर'' कहा गया था [1]

अ) बांधों को ब) कारखानों को

स) रेल्वे को द) नगरों को

"The Temples of modern India" were called

A) Dams B) Factories

C) Railways D) Cities

viii) कौन–सा शहर ''भारत की इलैक्ट्रॉनिक राजधानी'' के रूप में उभरा है ? **[1]**

अ) दिल्ली    ब) जयपुर    स) बैंगलुरु    द) मुम्बई

Which city has emerged as "The Electronic Capital of India" ?

A) Delhi    B) Jaipur    C) Bengaluru    D) Mumbai

ix) कौन–सा संगठन देश के सीमांत क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण व उनकी देख–रेख करता है ? **[1]**

अ) सीमा सड़क संगठन

ब) केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

स) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

द) राज्य सार्वजनिक निर्माण विभाग

Which organisation builds and maintains roads in the border areas of the country ?

A) Border Road Organisation

B) Central Public Work Department

C) National Highway Authority of India

D) State Public Works Department

x) श्रीलंका में अधिकतर सिंहली भाषी है **[1]**

अ) हिन्दू    ब) मुस्लिम

स) बौद्ध    द) ईसाई

The majority of Sinhalese speakers in Sri Lanka are

A) Hindu    B) Muslim

C) Buddhist    D) Christian

xi) सरकार के विभिन्न अंगों के बीच सत्ता का बँटवारा कहलाता है **[1]**

अ) क्षैतिज वितरण    ब) सामुदायिक वितरण

स) उर्ध्वाधर वितरण    द) दलीय वितरण

The division of power between different organs of the Government is called

A) Horizontal distribution    B) Community distribution

C) Vertical distribution    D) Party distribution

xii) व्यक्तियों के बीच धार्मिक आस्था के आधार पर भेदभाव नहीं करने वाला व्यक्ति कहलाता है **[1]**

अ) साम्प्रदायिक		ब) नारीवादी

स) धर्मनिरपेक्ष		द) जातिवादी

A person who does not discriminate others on the basis of religious beliefs is called

A) Communalist		B) Feminist

C) Secularist		D) Castiest

xiii) 'ऑल इण्डिया तृणमूल काँग्रेस' किस राज्य में सत्तारूढ है ? **[1]**

अ) अरुणाचल प्रदेश		ब) मणिपुर

स) त्रिपुरा		द) पश्चिमी बंगाल

In which State is 'All India Trinamool Congress' in power ?

A) Arunachal Pradesh		B) Manipur

C) Tripura		D) West Bengal

xiv) 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को कितनी सीटों पर जीत मिली ? **[1]**

अ) 240		ब) 280

स) 303		द) 318

How many seats did Bhartiya Janta Party win in the 2019 Lok Sabha elections ?

A) 240		B) 280

C) 303		D) 318

xv) विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार निम्न आय वाले देशों की प्रतिव्यक्ति आय है **[1]**

अ) 2500 US डॉलर		ब) 6700 US डॉलर

स) 49300 US डॉलर		द) इनमें से कोई नहीं

According to the world development report of World Bank, the per capita income of low income countries is

A) 2500 US Dollar		B) 6700 US Dollar

C) 49300 US Dollar		D) None of these

xvi) स्वयं सहायता समूह में बचत व ऋण संबंधित निर्णय लिए जाते है **[1]**

अ) सदस्यों द्वारा

ब) बैंक द्वारा

स) सरकार द्वारा

द) गैर सरकारी संस्था द्वारा

Decisions regarding savings and loans are taken in self help groups

A) By Members

B) By Bank

C) By Government

D) By Non Government Organisation

xvii) भारत में खाद्य तेलों की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी है **[1]**

अ) परख                ब) कारगिल

स) मैरिको                द) इमामी

The largest producer of edible oil in India is

A) Parakh                B) Cargill

C) Marico                D) Emami

xviii) आई.एस.आई. चिन्ह किस वस्तु पर लगाया जाता है ? **[1]**

अ) कृषि उत्पाद पर

ब) बिजली के उपकरण पर

स) स्वर्ण आभूषण पर

द) खाद्य सामग्री पर

ISI mark is applied on which item ?

A) On agricultural products

B) On electrical equipment

C) On gold jewelery

D) On food items

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

Fill in the blanks.

i) 1804 की ____________ संहिता को आमतौर पर नेपोलियन की संहिता के नाम से जाना जाता है । **[1]**

The ____________ Code of 1804 usually known as the Napoleonic Code.

ii) मृदा के आवरण का कटाव और उसके बाद बहकर नीचे चले जाने की प्रक्रिया को मृदा __________ कहा जाता है । **[1]**

The denudation of the soil cover and subsequent washing down is described as soil ____________

iii) कॉरबेट राष्ट्रीय उद्यान ____________ राज्य में स्थित है । **[1]**

Corbett National Park is situated in ____________ State.

iv) बेल्जियम की राजधानी ब्रूसेल्स में अधिकतर ____________ भाषी है । **[1]**

Brussels, the Capital of Belgium is mostly ____________ speaking.

v) द्वितीयक क्षेत्रक को ____________ क्षेत्रक भी कहा जाता है । **[1]**

The secondary sector is also called ____________ sector.

vi) भारत में ____________ में कृषि के बाद सबसे अधिक श्रमिक नियोजित हैं । **[1]**

The ____________ in India employ the largest numbers of workers next to agriculture.

**3.** अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न : निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द अथवा **एक** पंक्ति में दीजिए ।

Very short answer type questions : Answer the following questions in **one** word or in **one** line.

i) 'आयात शुल्क' से आप क्या समझते हैं ? **[1]**

What do you understand by 'Tariff' ?

ii) मुद्रण संस्कृति ने मजदूरों की जिंदगी को किस प्रकार प्रभावित किया ? **[1]**

How did print culture affect the lives of workers ?

iii) प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किसने किया ? **[1]**

Who invented the printing press ?

iv) उत्खात भूमि क्या है ? **[1]**

What is badland ?

v) राजस्थान के 'भैरोदेव डाकव' क्षेत्र के बारे में आप क्या जानते हैं ? **[1]**

What do you know about 'Bhairodev Dakav' area of Rajasthan ?

vi) जल प्रदूषण करने वाले किन्हीं दो प्रमुख उद्योगों के नाम लिखिए । **[½+ ½=1]**

Write the names of any two major industries that cause water pollution.

vii) सत्ता में 'नियन्त्रण एवं सन्तुलन' का अर्थ संक्षेप में बताइये । **[1]**

Briefly explain the meaning of 'check and balances' in power.

viii) जातिगत भेदभाव से मुक्त समाज व्यवस्था के लिये कई समाज सुधारकों ने काम किया है । कोई दो समाज सुधारकों के नाम बताइये । **[1]**

Many social reformers have worked to create a society free from caste discrimination. Name two social reformers.

ix) राजनीतिक दलों में 'वंशवाद' की चुनौती से क्या अभिप्राय है ? संक्षेप में लिखिये । **[1]**

What is meant by the challenge of 'dynasty' in political parties ? Write briefly.

x) बैंक जमा रकम का एक छोटा हिस्सा अपने पास नकद के रूप में रखते हैं, कारण लिखिए । **[1]**

Banks keep a small proportion of their deposits as cash with themselves, write the reason.

xi) वैश्वीकरण के कारण भारत में कई उत्पादक इकाइयाँ बंद क्यों हो गई ? **[1]**

Why did many manufacturing units in India shut down due to globalization ?

xii) पैकेटयुक्त सामग्री के पैकेट पर अंकित दो जानकारियाँ दीजिए । **[½+ ½=1]**

Give two details that are printed on the packet of packaged goods.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **50** शब्द)

Short Answer Type Questions : (Answer word limit approx. **50** words)

**4.** 'फ्रांसीसी क्रांति के दौरान कलाकारों ने स्वतंत्रता, न्याय और गणतंत्र जैसे विचारों को व्यक्त करने के लिए नारी रूपक का प्रयोग किया ।' – कथन का परीक्षण कीजिए । **[2]**

'During the French Revolution Artists used the female allegory to portray ideas such as Liberty, Justice and the Republic.' – Examine the statement.

**5.** द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल मित्र राष्ट्रों के नामों को सूचीबद्ध करें । **[2]**

List the names of the allied powers involved in World War II.

**6.** बाढ़ नियंत्रण के लिए बनाये गए बाँध ही कभी–कभी बाढ़ आने का कारण कैसे बन जाते है ? विश्लेषण कीजिए । **[2]**

How dams built for flood control sometimes become the cause of floods ? Analyse.

**7.** ''सौर ऊर्जा पर्यावरण मित्र ऊर्जा है'' – समझाइए । **[2]**

"Solar energy is environment friendly energy" – Explain.

**8.** आपके मतानुसार साम्प्रदायिकता राजनीति में अनेक रूप धारण करती है । किसी एक रूप की संक्षिप्त विवेचना कीजिए । **[2]**

In your opinion communalism takes many forms in politics. Briefly discuss any one form.

**9.** लोकतन्त्र में 'गैरदलीय व्यवस्था' का आप समर्थन नहीं करते है । क्यों ? संक्षेप में लिखिये । **[2]**

You do not support the 'non-party system' in democracy. Why ? Write briefly.

**10.** शहर के अमीर परिवार की एक लड़की के विकास के लक्ष्य क्या होंगे ? कोई दो लक्ष्य का उल्लेख कीजिए । **[1+1=2]**

What will be the goals of development of a girl from a rich urban family ? Describe any two goals.

**11.** ऐसी चार आर्थिक गतिविधियों की सूची बनाइए जिनकी प्राथमिक जिम्मेदारी सरकार पर है । **[½×4=2]**

Prepare a list of four economic activities, for which the government has primary responsibility.

**12.** कृषि क्षेत्रक के श्रमिकों में प्रच्छन्न बेरोजगारी की स्थिति का विश्लेषण कीजिए । **[2]**

Analyse the situation of disguised unemployment in the agricultural sector workers.

**13.** वस्तुओं के परिवहन में कंटेनरों के प्रयोग से होने वाले दो लाभ बताइए । **[1+1=2]**

Mention two benefits of using containers in transportation of goods.

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द)

Long Answer Type Questions : (Answer word limit approx. **100** words)

**14.** औद्योगीकरण ने भारत के परंपरागत व्यापार ढांचे को किस प्रकार प्रभावित किया ? उदाहरण सहित समझाइये । **[3]**

How did industrialization affect India's traditional trade structure ? Explain with examples.

**अथवा**/OR

19वीं सदी में भारतीय उद्योगपतियों ने अपने व्यापार और उद्योग को कैसे बढाया ? उदाहरण सहित समझाइये ।

How did Indian industrialists expand their trade and industry in the $19^{th}$ century ? Explain with example

**15.** कपास उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों तथा उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए । **[2+1=3]**

Describe the essential geographical conditions and productive areas of cotton production.

**अथवा**/OR

गन्ना उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों तथा उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए ।

Describe the essential geographical conditions and productive areas of sugarcane production.

**16.** 'लोकतन्त्र में असमानता व गरीबी में कमी आती है ।' – इस कथन का विश्लेषण कीजिये । **[3]**

'Democracy reduces inequality and poverty.' – Analyse this statement.

**अथवा**/OR

'लोकतन्त्र अन्य शासन प्रणालियों से श्रेष्ठ माना जाता है ।' – इस कथन का विश्लेषण कीजिये ।

'Democracy is considered superior to other system of governance.' – Analyse this statement.

**17.** अनौपचारिक क्षेत्रक से ऋण प्राप्त करनेवालों का शोषण कैसे होता है, समझाइए । **[3]**

Explain how those who receive loans from the informal sector are exploited.

**अथवा**/OR

शहरी व ग्रामीण परिवारों के लिए औपचारिक एवं अनौपचारिक साख के महत्व को समझाइए ।

Explain the importance of formal and informal credit for urban and rural families.

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **250** शब्द)

Essay Type Questions : (Answer word limit approx. **250** words)

**18.** सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान किए गए कार्यों ने राष्ट्रीय एकता और जनजागरण को किस प्रकार नई दिशा दी ? स्पष्ट कीजिए । **[4]**

How did the actions taken during the civil disobedience movement give a new direction to national unity and public awareness ? Explain.

**अथवा**/OR

'देश को एकजुट करने के लिए महात्मा गांधी को नमक एक शक्तिशाली प्रतीक दिखाई दिया ।' – कथन को स्पष्ट कीजिए ।

'Mahatma Gandhi found in salt a powerful symbol that could unite the nation.' – Explain the statement.

**19.** ग्रामीण स्तर पर स्थानीय स्वशासन के रूप में पंचायतीराज की विवेचना कीजिए । **[4]**

Discuss Panchayati Raj as a form of local self-government at the rural level.

**अथवा**/OR

'भारत में केन्द्र राज्य सम्बन्धों में 1990 के बाद काफी बदलाव आया है ।' – इस कथन की विवेचना कीजिए ।

'Centre-State relations in India have changed significantly since 1990.' – Discuss this statement.

**20.** दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित अभ्रक उत्पादक केन्द्रों (अ, ब) तथा स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग के केन्द्रों (स, द) को अंकित कीजिए । **[1+1+1+1=4]**

अ) अजमेर

ब) नेल्लोर

स) कोलकाता

द) दिल्ली

Mark the following mica producing centres (A, B) and Golden Quadrilateral Super Highway Centres (C, D) on the given outline map of India.

A) Ajmer

B) Nellore

C) Kolkata

D) Delhi

**अथवा**/OR

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित तापीय ऊर्जा संयंत्रों (अ, ब) तथा रेल्वे केन्द्रों (स, द) को अंकित कीजिए ।

अ) ट्राम्बे

ब) बरौनी

स) बीकानेर

द) नागपुर

Mark the following Thermal Power Plants (A, B) and Railway Centres (C, D) on the given outline map of India.

A) Trombay

B) Barauni

C) Bikaner

D) Nagpur

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**P-08-Social Science**

# प्रवेशिका पूरक परीक्षा, 2026
# PRAVESHIKA SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

## सामाजिक विज्ञान
## SOCIAL SCIENCE



DO NOT WRITE ANYTHING HERE